4	Korba East (MPEB) 4x50+2x120	160	30	19	SECL, Korba
5	Amarkantak (MPEB) 2x30+2x120	75	60	80	SECL, Korea Rewa
6	Bokaro A&B (DVC) 3x57.5+1x55+3x210	175	165	94	CCL, Dhori, Kargali
7	Patratu (BSEB) . 4x50+2x100+4x110	120	60	50	CCL. South Karanpura
8	Durgapur (DVC). 2x55+1x140+1x210	50	20	40	ECL. Raniganj
9	Chandrapura (DVC) 3x140+3x120	130	50	38	CCL, Dhori

गैस की आपूर्ति न किए जाने के कारण गुजरात की लम्बित विद्युत परियोजनायें

2706. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार गुजरात की उन विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, जो गैस की आपूर्ति या अतिरिक्त गैस आपूर्ति की स्वीकृति के लिये सरकार के समक्ष लम्बित पड़ी है तथा प्रत्येक परियोजना के लिये गैस या अतिरिक्त गैस की कितनी-कितनी मात्रा की आवश्यकता है ; और

(ख) प्रत्येक प्रस्ताव कितने-कितने समय से लम्बित पड़ा हैं और इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान दिये जाने की संभावना है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० बी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख): 30-6-93 की स्थिति के अनुसार गुजरात में जो विद्युत परियोजनायें गैस सप्लाई किये जाने के अभाव में लम्बित पड़ी हैं, उनका ब्यौरा निम्नवत् है :—

क्र.सं.	नाम	क्षमता	स्थिति
1.	जीपीसीसी की पीपावाव सीसीजीटी परियोजना	615 मेगावाट	के. वि. प्रा. द्वारा 14.3.91 को तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान की गई बशर्ते कि कुछ शर्तों के साथ-साथ 2.25 एमसीएमडी गैस उपलब्ध कराई जानी है। गैस लिकेज सुनिश्चित नहीं किया गया है।
2.	जीईबी की उत्तरी गुजरात परियोजना	300 मेगावाट	प्रस्ताव मई, 1993 में प्राप्त हुआ। 1.09 एमसीएमडी गैस लिकेज अभी सुनिश्चित नहीं किया गया है।